INDIA

# 594 KM का नया Expressway देने जा रहा हैं दिल्ली के लिए नया रूट. मात्र 8 घंटा में पूरा UP हो जाएगा पार

देश में एक नये Expressway का काम काफ़ी तेज़ी से पूरा हो रहा हैं. नये Expressway के आने के साथ ही पूरे UP से दिल्ली आना जाना और आसान और गतिमान हो जाएगा. पूरा UP पार करना भी महज़ 7-8 घंटे का खेल हो जाएगा.

गंगा एक्सप्रेसवे एक ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट है और इसकी लंबाई कुल 594 किलोमीटर होगी. इस एक्सप्रेसवे की मदद से पूर्वी यूपी के शहरों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहरों के बीच सफर और आसान हो जाएगा. इस एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य तेजी से जारी है और इसके 2025 में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ से पहले शुरू होने की उम्मीद है. इस सिलसिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (CM Yogi Adityanath) अधिकारियों को तय सीमा में काम पूर्ण करने का निर्देश दिया है.